# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में तीन नए जजों ने सँभाला पदभार

## चर्चा में क्यों?

1 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में तीन नए न्यायाधीशों जस्टिस राजमोहन सिंह, जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ व जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमना ने पदभार सँभाल लिया। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ ने तीनों को शपथ दिलाई।

## प्रमुख बिंदु

- जस्टिस राजमोहन सिंह, जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ व जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमना तीनों क्रमश: पंजाब-हरियाणा, इलाहाबाद व आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए हैं।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति की अनुमति के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय विभाग ने गत दिनों तीनों न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की थी।
- मध्य प्रदेश हाइकोर्ट में कुल 53 स्वीकृत पदों के मुकाबले महज 31 जज कार्यरत थे। किंतु तीन नए जज आने के बाद यह संख्या बढ़कर 34 हो गई। इसके बाद भी 19 पद रिक्त हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-new-judges-took-charge-in-madhya-pradesh-high-court